वन्यजीवों के प्रति जागरुकता लाने को जन-चेतना कार्यक्रम चलाए जाएं : राज्यपाल

जयपुर टाइगर फेस्टिवल में मिश्र ने पुरस्कार प्रदान किए

जयपुर : राज्यपाल मिश्र गुरुवार को होटल क्लार्क्स आमेर में जयपुर टाइगर फेस्टिवल के पुरस्कार वितरण करते हुए।

जयपुर, 3 अगस्त (ब्यूरो): राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण के लिए नई पीढ़ी में वन्यजीवों के प्रति जागरूकता लाए जाने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि बाघ संरक्षण के लिए जन-चेतना कार्यक्रम चला कर सतत प्रयत्न किए जाने की आवश्यकता है।

राज्यपाल मिश्र गुरुवार को होटल क्लार्क्स आमेर में जयपुर टाइगर फेस्टिवल के पुरस्कार वितरण समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज विश्व के 75 प्रतिशत बाघों की संख्या अकेले हमारे देश में हैं। उन्होंने बाघों की बढ़ती संख्या के साथ-साथ उनके संरक्षण के लिए भी सभी स्तरों पर समुचित कार्य किए जाने पर बल दिया। राज्यपाल ने बाघों के संरक्षण के साथ वन प्रबंधन में और बेहतर कार्य करते हुए राजस्थान को इस क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाघों का होना पारिस्थिति की संतुलन और जैव विविधता संरक्षण के लिए जरूरी है।

उन्होंने बाघों सहित अन्य वन्य जीवों के संकुचित हो रहे प्राकृतिक आवासों पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि बढ़ती आबादी के दबाव में वन कॉन्क्रिट के जंगलों में तब्दील नहीं हों, इस पर सभी स्तरों पर चिंतन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाघ क्षेत्रों में पर्यटन का विकास इस तरह से होना चाहिए कि वन्य जीवों को किसी तरह की हानि नहीं पहुंचे। उन्होंने पुरस्कृत फोटोग्राफर्स की कला एवं दृष्टि की सराहना भी की।

राज्यपाल ने पुरस्कार विजेता फोटोग्राफर्स, वन्यजीवन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विशेषज्ञों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता वाइल्ड लाइफ फिल्म निर्माता एस नल्लामुत्थु द्वारा बाघ संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए तैयार टाइगर एन्थम भी कार्यक्रम में स्क्रीन पर प्रस्तुत किया गया। नल्लामुत्थु एवं वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर सितारा कार्तिकेयन की जूरी द्वारा पुरस्कृत फोटोग्राफ का चयन किया गया।

कार्यक्रम में राजस्थान आवासन मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा, समाजसेवी डॉ. एसएस अग्रवाल, राजस्थान हैरिटेज आर्ट एंड कल्चर फाउंडेशन के ट्रस्टी आनन्द अग्रवाल, जयपुर टाइगर फेस्टिवल के संस्थापक संरक्षक धीरेन्द्र गोधा, अध्यक्ष संजय खवाड़, सचिव आशीष बैद सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार दो युवकों की मौत

अलवर,3 अगस्त (सुनील जैन): अलवर जिले के खुशखेड़ा औद्योगिक एरिया में बुधवार रात एक ट्रक ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर खुशखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को टपूकड़ा सीएचसी लेकर गई जहां दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस और परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से ट्रक की तलाश में जुटी हुई है। खुशयखेड़ा थाने के हैड कॉन्स्टेबल राजकुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बुरहेड़ा गांव का रहने वाला नवीन, कमालपुर गांव का रहने वाला अनिल बुधवार रात 9 बजे बाइक से खुशखेड़ा जा रहे थे।

आम सूचना यह कि एक आवासीय प्लाट जिसका पट्टा संख्या 60, संकल्प सं. 03, ग्राम पंचायत हरसूलिया, प. समिति फागी, जयपुर क्षेत्रफल 116.64 व ग म को सर्वप्रथम ग्राम पंचायत ने जरिये पट्टा सं. 60 दिनांक 05.09.2019 के द्वारा श्री धन्ना राम के नाम जारी किया था। तत्पश्चात श्री धन्ना राम से उक्त का क्रय श्री सीताराम वैष्णो ने जरिये विक्रय पत्र दिनांक 22.06.2022 द्वारा कर लिया जिसका पंजियन उप-पंजियक फागी के समक्ष दिनांक 06.11.2019 को हुआ। तत्पश्चात श्री सीताराम वैष्णो से उक्त सम्पत्ति का एक मूल पट्टा संख्या 60 दिनांक 05.09.2019 कहीं खो जाने पर इस बाबत् गुमशुदगी पुलिस थाना साईबर क्राईम जयपुर में दिनांक 06.05.2023 को दर्ज करवाई गई। अब श्री सीताराम वैष्णो द्वारा उक्त भूखण्ड को बंधक रखकर स्वतंत्र माईक्रो हाउसिंग फाईनेंस कम्पनी लि. (SMHFC Ltd) से ऋण लिया जा रहा है। यदि उक्त भूखण्ड के स्वामित्व, एवं गुम हुए मूल पट्टा सं. 60 दिनांक 05.09.2019 के सम्बन्ध मे किसी को कोई आपत्ति हो तो सात दिन में पेश करें। बाद मियाद आपत्ति अमान्य होगी। वास्ते आर.एम.पी. लॉ एसोसिएट्स, राजीव मितल (एडवोकेट), 9414048652, 9660333985

क्विक रीड

युवा महोत्सव-2023 का शुभारंभ

जयपुर, (ब्यूरो): राजस्थान युवा बोर्ड, युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2023 जिला अजमेर का दो दिवसीय आयोजन जवाहर रंगमंच अजमेर में प्रारंभ हुआ। आज प्रथम दिवस का उद्घाटन अध्यक्ष सुशील कुमार पारीक व मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती नसीम अख्तर व अतिथियों ने किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य महेन्द्र सिंह रलावता, राजस्थान राज्य खेल परिषद के सदस्य व अजमेर देहात कांग्रेस के उपाध्यक्ष सौरभ बजाड़ व अजमेर एसडीएम प्रथम राजेंद्र सिंह की विशेष उपस्थिति रही। उद्घाटन सत्र के बाद विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें सामूहिक नृत्य, सामूहिक गायन, शास्त्रीय संगीत, एकल गायन आदि सांस्कृतिक गतिविधियों में रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई।

सत्य, शांति और अहिंसा की भावना को आगे बढ़ाएं : पाराशर



जयपुर, (ब्यूरो): राज्यमंत्री एवं जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पराशर ने कहा कि देश में सत्य, शांति और अहिंसा की भावना बढ़ें, इसी सोच पर राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। शांति और अहिंसा से ही समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारा कायम रह सकता है। यही हमारी संस्कृति का मूल आधार भी है। पाराशर ने एक बयान में कहा-युवा पीढ़ी को गांधीजी के विचारों से जुड़ना चाहिए। गांधीजी की जीवनी सत्य के प्रयोग का अध्ययन हर व्यक्ति को अवश्य करना चाहिए। देश के तनाव भरे माहौल में महात्मा गांधी जी के संदेशों का बड़ा महत्व है। उनके मूल्यों एवं सिद्धांतों पर चलकर ही शांति व अहिंसा की स्थापना संभव है। हमें इसी राह पर आगे बढ़ते हुए लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाना होगा और देश की प्रगति में अहम भूमिका निभानी होगी।

माइनिंग व्यापारी पर हमले के मुख्य आरोपी सहित 3 काबू

झुंझुनूं, (अमित भारद्वाज): यहा के एक माइनिंग व्यापारी पर दिन दहाड़े हमला करने के आरोप में शहर कोतवाली थाना पुलिस को हमले का मास्टर माइंड सहित तीन जनों को हरियाणा राज्य से गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई है। इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से प्रदर्शन एवं ज्ञापन दिए जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक श्यामसिंह ने बताया कि गत 20 जुलाई को सुबह झुंझुनूं से ग्राम इंडाली रोड़ पर माइनिंग व्यापारी जयप्रकाश गावड़िया पर जानलेवा हमला हुआ था। एसपी ने बताया कि शहर कोतवाली थाने में इस मामले को दर्ज होने के बाद थानाधिकारी राम मनोहर के नेतृत्व में पांच टीमों का गठन कर हिसार, रोहतक, गुरूगाम सहित हरियाणा के कई इलाकों, पंजाब व दिल्ली तक पुलिस टीमें भेज गई। एसपी ने बताया कि आरोपी पुलिस की पकड़ने से बचने और आपसी संपर्क सांधने में डोंग का उपयोग कर रहे थे और बार-बार ठिकाना बदल रहे थे।

'लोकगीत भारतीय संस्कृति की आत्मा एवं तकनीकी का प्रभाव'

■ **अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में तीन पद्मश्री से सम्मानित विभूतियों ने लिया भाग**

जयपुर : मालिनी अवस्थी को सम्मानित करते हुए।

जयपुर, 3 अगस्त (ब्यूरो): विश्वविद्यालय राजस्थान महाविद्यालय एवं इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में लोक गीत भारतीय संस्कृति की आत्मा एवं तकनीकी का प्रभाव विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया। संगोष्ठी की कन्वीनर डॉक्टर अंशु वर्मा ने बताया कि संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित भारत की लोक गीत कोकिला मालिनी अवस्थी रही। उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में राजस्थान साहित्य अकादमी के अडवाइजर्स पद्मश्री चंद्रप्रकाश देवल रहे। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में पद्मश्री राम दयाल शर्मा रहे।

स्वागत उद्बोधन में प्रोफेसर एसएल शर्मा ने कहा कि यह राजस्थान कॉलेज का सौभाग्य है कि 3 पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों को एक साथ मंच पर इकट्ठा देख पा रहे हैं। प्रोफेसर शर्मा ने ऐसे प्रासंगिक और सामयिक मुद्दे पर सेमिनार आयोजित करने के लिए डॉ. अंशु वर्मा और डॉ. अमनपाल को बधाई दी। संगोष्ठी की कन्वीनर डॉक्टर अंशु वर्मा ने संगोष्ठी के बारे में बताते हुए कहा कि लोक गीत में संवेदना का गुण सबको बराबर समझने का गुण, संपूर्ण प्रकृति का गुण है। यह एक ऐसी विधा है जिसके बिना जीवन का कोई पर्व पूरा नहीं होता। इसलिए इस विषय पर बात करना बहुत आवश्यक था, जिस उद्देश्य से इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

अपने उद्बोधन में भारत की स्वर कोकिला और लोकगीत की मलिका मालिनी अवस्थी ने बताया कि संगीत और नृत्य जब मंदिर से प्रारंभ हुआ। वहां से मंच तक आने की यात्रा में लोक कला ने अपने आप को बचाया है, यह उसकी शक्ति का परिचायक है। अपने उद्बोधन में पद्मश्री सीपी देवल ने कहा कि लोकगीतों को तकनीक के बाद में राजनीति और इसके प्रति अज्ञानता से ज्यादा खतरा है। उन्होंने डॉक्टर अंशु वर्मा को बधाई दी कि 75 वर्षों में पहली बार किसी ने इसी इस अति महत्वपूर्ण विषय पर संगोष्ठी करवाने का सोचा। उन्होंने बताया कि लोकगीत कौन गा रहा है। किस साज से गा रहा है और गा रहा है। यह बहुत महत्वपूर्ण है।

उद्घाटन सत्र में भी विशिष्ट अतिथि पद्मश्री राम दयाल ने भी अपने विचार रखे। साथ ही विशेष अतिथि प्रोफेसर आर के सिंघल, प्रोफेसर बंदना कल्ला और प्रोफेसर श्रीनिवास अय्यर ने भी अपने विचार साझा किए। संगोष्ठी के सचिव डॉक्टर अमन पाल ने सभी गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रदेशों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई कलाकार ऑनलाइन माध्यम से भी हमारे साथ जुड़े और लोकगीतों पर तकनीकी का प्रभाव जांचने वाली यह पहली अपनी तरह की अनोखी संगोष्ठी है। दो तकनीकी सत्रों के पश्चात शाम में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इंस्पेक्टर जर्नल ऑफ पुलिस विकास कुमार शामिल हुए।

फॉर्म-ए
सार्वजनिक घोषणा
भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड
(कॉर्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन)
शॉन अल्ट्रावेयर्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानाकर्षण हेतु

प्रासंगिक विवरण	
1. कॉर्पोरेट ऋणी का नाम	शॉन अल्ट्रावेयर्स प्राइवेट लिमिटेड
2. कॉर्पोरेट ऋणी के गठन की तिथि	29/09/2000
3. प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट ऋणी गठित/पंजीकृत है	आरओसी-दिल्ली
4. कॉर्पोरेट ऋणी की कॉर्पोरेट आइडेंटिटी सं.	U26913DL2000PTC107972
5. कॉर्पोरेट ऋणी के पंजीकरण कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	पंजीकृत कार्यालयः 94, नील कमल अपार्टमेंट, विकास पुरी, पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली- 110018 प्रधान कार्यालयः एफ-73 और 74, ईपीआईपी, नीमराना, राजस्थान-301705
6. कॉर्पोरेट ऋणी के सम्बन्ध में दिवाला आरम्भ तिथि	01.08.2023 (दिनांक 03-08-2023 को आदेश की प्रति अपलोड की गई)
7. दिवालियापन संकल्प प्रक्रिया को बंद करने की अनुमानित तारीख	28.01.2024
8. अंतरिम समाधान पेशेवर का नाम, पता, ई-मेल पता और पंजीकरण क्रमांक	श्री संदीप महाजन पंजीकरण नं. IBBI/IPA-001/IP-P00991/2017-18/11631
9. अंतरिम समाधान पेशेवर का पता और ईमेल पता जो समिति के पास पंजीकृत हो	पताः सी2/288, जनक पुरी, नई दिल्ली- 110058 ईमेलः sandeep8mahajan@gmail.com
10. अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किए जाने वाला पता और ई-मेल	पताः फ्लैट नं. 409, चतुर्थ मंजिल, अंसल भवन, 16 के जी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली -110001, ईमेलः schonultrawares.ibc@gmail.com
11. दावों के निवेदन की अंतिम तिथि	16.08.2023 (15-08-2023 राष्ट्रीय अवकाश होने के कारण)
12. धारा 21 के उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत लेनदारों की कक्षाएं, यदि कोई हो, अंतरिम संकल्प पेशेवर द्वारा निर्धारित	लागू नहीं
13. दिवालियापन पेशेवरों के नाम एक वर्ग में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाने जाते हैं (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम)	लागू नहीं
14. (क) प्रासंगिक फार्म और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है	(क) वेबलिंक http://ibbi.gov.in.downloadform.html (ख) लागू नहीं

*एनए-लागू नहीं
इस प्रकार नोटिस दिया गया है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली पीठ-V ने 01-08-2023 को **शॉन अल्ट्रावेयर्स प्राइवेट लिमिटेड** के खिलाफ कॉर्पोरेट दिवालियापन प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।
शॉन अल्ट्रावेयर्स प्राइवेट लिमिटेड के क्रेडिटर्स को 16-08-2023 को या उससे पहले अपने दावों का सबूत प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है, जो एंट्री नं. 10 में उल्लिखित पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर को देना है।
वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों से दावों का सबूत जमा करेंगे। अन्य लेनदारों समेत परिचालन लेनदारों को पोस्ट द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा या व्यक्तिगत रूप से दावों का सबूत जमा कर सकते हैं।
एंट्री नं. 12 के खिलाफ सूचीबद्ध एक वर्ग से संबंधित एक वित्तीय लेनदार, क्लास [निर्दिष्ट क्लास] फार्म सी ए : लागू नहीं में अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए एंट्री नं. 13 के खिलाफ सूचीबद्ध तीन दिवालिया पेशेवरों में से अर्पित प्रतिनिधि की अपनी पसंद का संकेत देगा।
दावे के झूठे या भ्रामक सबूत जमा करने से जुर्माना आकर्षित होगा।
श्री संदीप महाजन
अंतरिम समाधान पेशेवर
पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-001/IP-P00991/2017-18/11631
एएफए वैध: 19.12.2023 तक
तिथिः 04-08-2023 409, अंसल भवन, 16 के.जी. मार्ग (कनॉट प्लेस), नई दिल्ली – 110001
स्थानः दिल्ली ईमेलः schonultrawares.ibc@gmail.com

स्वच्छ सर्वेक्षण : टॉप रैंकिंग के लिए निगम का नवाचार

100 ऑटो व 7 ई-रिक्शा से स्वच्छता का संदेश, महापौर ने दिखाई हरी झंडी

जयपुर, 3 अगस्त (ब्यूरो): ग्रेटर नगर निगम स्वच्छ सर्वेक्षण में टॉप रैंकिंग हासिल करने के लिए लोगों को जागरूक कर रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और आयुक्त महेंद्र सोनी ने स्वच्छता जागरूकता का संदेश देने के लिए सौ ऑटो रिक्शा व सात ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाई है। ये ऑटो व ई-रिक्शा गली-गली अधिक से अधिक फीडबैक व आमजन को सफाई के प्रति जागरूक करेंगे। इन पर माइक व स्पीकर सिस्टम लगाया गया है। जिसके माध्यम से गीले व सूखे कचरे को नीले व हरे रंग के डस्टबिन में डालने की जानकारी देंगे। इसके अलावा सिटीजन फीडबैक में पूछे जाने वाले नौ सवाल व उनकी जवाब के बारे में बताया जाएगा। महापौर ने बताया कि नगर निगम में 150 वार्ड है। ये हूपर प्रत्येक वार्ड में जाएंगे और 15 अगस्त तक सिटीजन फीडबैक के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे। इस नवाचार से निगम को फायदा मिलेगा। इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण में 2475 अंक सिटीजन फीडबैक के है। निगम ये अंक ज्यादा से ज्यादा हासिल करना चाहता है। जिसके लिए यह प्रयोग किया गया है। आयुक्त महेंद्र सोनी ने बताया कि सभी रिक्शा पर निगम द्वारा स्वच्छता जनजागरूकता और सिटीजन फीडबैक के पोस्टर, बैनर लगाए गए है। इसके अलावा प्रत्येक रिक्शा में माइक व स्पीकर सेट लगाया गया है। जिससे लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया जाएगा।

दुर्घटना में मौत

उदयपुरवाटी/झुंझुनूं, 3 अगस्त (अमित भारद्वाज): नीमकाथाना-सीकर सड़क मार्ग पर बुधवार रात एक बाइक सवार अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत के आगोश में चला गया। पुलिस के अनुसार केसरू निवासी ओमप्रकाश बाइक से नांगल गांव से उदयपुरवाटी की ओर आ रहा था कि किसी अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे ओमप्रकाश की मौत हो गई।

सराफ ने किया सीसी रोड का शिलान्यास

जयपुर, 3 अगस्त (ब्यूरो): मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 137 कल्याण कॉलोनी में सीसी सड़क का विधिवत पूजा करके शिलान्यास किया एवं मधुबन कॉलोनी ब्लॉक में सीसी रोड का फीता काटकर लोकार्पण किया। स्थानीय पार्षद दिनेश गौड़ ने बताया कि सराफ ने कल्याण नगर कॉलोनी की सीसी रोड पीडब्ल्यूडी के द्वारा बनवाई जा रही है। जिसका गुरुवार को विधिवत पूजा करके शुभारंभ किया गया। नगर निगम ग्रेटर द्वारा पार्षद कोटे से मधुबन कॉलोनी डी ब्लॉक की सीसी सड़क का नवीनीकरण कराया गया है, जिसका फीता काटकर सराफ ने लोकार्पण किया। इस मौके पर स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का स्वागत किया। इस अवसर पर वार्ड अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, रजत परनामी, अरुण खंडेलवाल, विजय सैनी, बोधीलाल कुमावत, लव पालीवाल व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

झांपदा थाने का हेड कांस्टेबल रिश्वत लेते गिरफ्तार

दौसा, 3 अगस्त (संतोष तिवाड़ी): भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने दौसा के झांपदा थाने में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हेड कांस्टेबल को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। दरअसल दौसा एसीबी को एक परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसके बेटे के खिलाफ झांपदा थाने में मुकदमा दर्ज है और जांच अधिकारी रामप्रसाद बैरवा उसके बेटे का नाम आरोपी से हटाने की एवज में 4 हजार रुपए की रिश्वत की डिमांड कर रहा है।

शिकायत पर दौसा एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र शर्मा ने शिकायत का सत्यापन करवाया और उसके बाद गुरुवार को परिवादी से रिश्वत की राशि लेते हेड कांस्टेबल राम प्रसाद बैरवा को रंगे हाथों दबोच लिया। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह में ही लालसोट सर्किल में यह दूसरी कार्रवाई है। गत 26 जुलाई को भी लालसोट थाने के एक हेड कांस्टेबल को चार हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए एसीबी ने ट्रैप किया था।

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda
बैंक ऑफ बड़ौदा
क्षेत्रीय कार्यालयः बड़ौदा भवन, एयरपोर्ट प्लाजा, दुर्गापुरा टोंक रोड़, जयपुर, राजस्थान-302018, फोनः 0141-2727162
ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना
परिशिष्ट-II-A& IV-A (नियम 6(2) एवं 8(6) का परन्तुक देखें) अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु बिक्री सूचना
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम,2002 के नियम 6(2) एवं 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार ऋणीयों/जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियाँ जो बैंक के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसी है और जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक **23.08.2023** को बेचा जाएगा। बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित प्रतिभूत लेनदार (ऋणीयों एवं जमानतदारों के नाम का विवरण) की संपत्तियों का आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि नीचे वर्णित है-
ई-नीलामी की दिनांकः 23.08.2023 समयः दोपहरः 02.00 बजे से सांय 6.00 बजे एवं धरोहर राशि जमा कराने की अंतिम दिनांकः ई-नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व तक

क्र सं.	प्राधिकृत अधिकारी एवं शाखा का नाम	ऋणी/जमानतदार का नाम	13(2) मांग सूचना की दिनांक एवं बकाया राशि	संपत्ति मालिक का नाम एवं प्रतिभूत संपत्तियों का विवरण	कब्जे की दिनांक / कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य / ईएमडी राशि / न्यूनतम वृद्धि राशि
1.	श्री सुमित कुमार जंगला मो. 8094018360 शाखाः डीसीएम अजमेर रोड़, जयपुर	मैसर्स स्टाईल जंक्शन प्रोप. सुश्री सज्जल अरोड़ा	14.12.2021 रू. 13,90,143/- ब्याज एवं अन्य प्रभार	सुश्री सज्जल अरोड़ा के नाम से फ्लेट नं. 29/सी/53, प्रथम तल, गोदावरी अपार्टमेन्ट, प्रताप नगर, सेक्टर-29, सांगानेर, जयपुर में स्थित है (फ्लेट के कॉरपेट एरिया का क्षेत्रफल 286.25 वर्गफिट)	09.03.2023 / भौतिक	रू. 7,95,000/- / रू. 79,500/- / रू. 10,000/-
2.	श्री पंकज रोत मो. 8094018321 शाखाः एम.आई. रोड़ जयपुर	मैसर्स सुदर्शन एस्टाब्लीसेज, मैसर्स सुदर्शन एजेन्सीज एवं श्री संजीव परनामी एवं श्री अनुज परनामी	23.01.2023 रू. 3,35,01,792.94 ब्याज एवं अन्य प्रभार	श्री संजीव परनामी एवं श्री अनुज परनामी के नाम से रिहायशी मकान जो 277ए, स्कीम गुरुनानकपुरा, राजापार्क में स्थित है क्षेत्रफल 133.33 वर्गगज।	04.05.2023 / भौतिक	रू. 175.50 लाख / रू. 18.00 लाख / रू. 80,000/-

नीलामी के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया प्रतिभूत लेनदार बैंक ऑफ बड़ौदा की वेबसाईट के दिये गए लिंक https://ibapi.in and https://www.bankofbaroda.com को देखें।
दिनांकः 04.08.2023 स्थानः जयपुर प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

यूको बैंक UCO BANK Honours your trust
परिशिष्ट-IV-A आमजन को ई-नीलामी बिक्री सूचना
(नियम 8(6) का परन्तुक देखें) अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना
अंचल कार्यालयः द्वितीय तल, आर्केड इन्टरनेशनल, ऑरबिट मॉल, सिविल लाईन्स, अजमेर रोड़, जयपुर
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियो के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को और विशेष रूप से उधार लेने वाले और ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा **यूको बैंक**, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक **25.08.2023 को दोपहर 01:00 बजे से सांय 05:00 बजे** ई-नीलामी द्वारा नीचे दिए गए बकायों एवं ब्याज एवं खर्चों की वसूली हेतु विक्रय किया जाएगा। नीलामी प्रक्रिया का सम्पूर्ण विवरण नीचे दिया गया है-
ई-नीलामी का विवरणः- ई-नीलामी की दिनांकः 25.08.2023 दोपहर 01:00 से सांय 5:00 बजे तक निरीक्षण की दिनांकः 19.08.2023 प्रातः 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक, धरोहर राशि जमा करने की दिनांकः 25.08.2023 दोपहरः 12:00 बजे तक

S. No.	ऋणी का नाम शाखा, संपर्क सं., ईमेल	प्रतिभूत आस्तियों का विवरण	बकाया राशि दिनांक तक	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि	मांग सूचना की दिनांक / कब्जे की दिनांक
1	शाखाः NEI, जयपुर E-mail:khatip@ucobank.co.in Contact Branch Head: A. K. Mishra 7004128558 श्रीमती मंजू सैन पत्नी सुभाष चन्द सैन, श्रीमती रुकमणी देवी सैन पत्नी राम नारायण सैन	श्रीमती मंजू सैन के के नाम से रिहायशी संपत्ति के सभी अंश एवं हिस्से जिसमें फ्लैट नं. जे-610, छटवा तल, "J" ब्लॉक, हेंगिंग गार्डन, जयसिंहपुरा रोड़, भांकरोटा, अजमेर रोड़, जयपुर में स्थित है क्षेत्रफल 480 वर्गफिट (सुपर बिल्ट अप एरिया), कब्जे का प्रकारः भौतिक	रू. 809823.77/- दिनांक 30/06/2023 तक+ दिनांक 31/03/2021 तक सम्मिलित ब्याज व दिनांक01.04.2021 से लागत एवं अन्य खर्चे	रू. 950000/- / रू. 95000/- / रू. 10000/-	31.05.2021 / 07.05.2022

बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों और निम्नलिखित अन्य शर्तों के अधीन होगी: 1. संपत्तियों की बिक्री 'जहाँ है जैसी है', 'जैसी है जो है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर की जा रही है। 2. यहां ऊपर दी गई अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्ति का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. सुरक्षित संपत्ति को आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जाएगा। 4. नीलामी बिक्री ई-नीलामी पोर्टल https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp के माध्यम से ऑनलाइन होगी। 5. सफल बोलीकर्ता को बोली राशि का 25%, जमा की गई ईएमडी राशि घटाकर, उसी दिन या अगले कार्य दिवस के बाद नहीं जमा करना होगा और शेष राशि अर्थात बोली राशि का 75% भुगतान तिथि से 15 दिनों के भीतर किया जाएगा। बिक्री की पुष्टि के संबंध में निर्धारित अवधि में बोली राशि का भुगतान न करने की स्थिति में जमा की गई राशि जब्त कर ली जायेगी। 6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए पोर्टल https://ibapi.in/ या https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp देखें। 7. अधिक जानकारी के लिए (यदि कोई हो) संभावित बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी या शाखा प्रमुख से संपर्क कर सकते हैं।
दिनांकः 02.08.2023 स्थानः जयपुर प्राधिकृत अधिकारी यूको बैंक

गैस आधारित उद्योगों व निवेश में राजस्थान अग्रणी : रावत

रीको और फिक्की की संयुक्त कॉन्फ्रेंस का आयोजन

जयपुर, 3 अगस्त (ब्यूरो): प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य राजस्थान, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा अक्षय ऊर्जा दोनों ही तरह के ऊर्जा क्षेत्रों में प्रमुख स्थान रखता है। राजस्थान ऑनशोर क्रूड ऑयल उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर और ऑनशोर प्राकृतिक गैस उत्पादन में भी राजस्थान देश में अग्रणी राज्य है। राजस्थान में जहां सौर ऊर्जा उत्पादन का पोटेंशियल 142 गीगावाट आंका गया है। वहीं पवन ऊर्जा में राजस्थान का पोटेंशियल 127 गीगावाट से अधिक है। राजस्थान सरकार का वर्तमान कार्यकाल राजस्थान में उद्योगों और निवेश के लिए स्वर्णिम कार्यकाल रहा है। यह सरकार की प्रगतिशील नीतियों एवं व्यवहारिक सोच का परिणाम है कि राजस्थान, कॉर्पोरेट इन्वेस्टमेंट प्राप्त करने में देशभर में दूसरे स्थान पर है। यह बात राजस्थान सरकार की उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने गुरुवार को कही। वह जयपुर में आईटीसी राजपूताना में रीको और फिक्की द्वारा राजस्थान में गैस आधारित उद्योगों के लाभ और अवसरों पर आयोजित कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं। मंत्री रावत ने कहा कि एमएसएमई उद्योगों को प्रारंभिक तीन वर्षों के लिए राज्य स्तरीय स्वीकृतियां प्राप्त करने से मुक्त करना, जिसे अब 5 वर्षों तक बढ़ा दिया गया है। मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजनाए 10 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्तावों को अधिक प्रभावी ढंग से फेसिलिटेट करने के लिए वन स्टॉप शॉप सुविधा जैसी अन्य योजनाएं राज्य में उद्योगों के विकास और निवेश के लिए क्रांतिकारी कदम हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य तथा खान एवं पेट्रोलियम, वीनू गुप्ता ने कहा राजस्थान में 80 प्रकार के मिनरल्स हैं। यह भारत के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सेक्टर्स में अग्रणी बन गया है, जो प्राकृतिक गैस भंडार में दूसरे स्थान पर है। हाल में ही जीआईजीएल और गेल के जुड़ने से राज्य में आपूर्ति नेटवर्क की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। सीएनजी की बढ़ती उपलब्धता राज्य में एनर्जी इन्टेन्सिव इंडस्ट्रीज के लिए अवसर प्रदान करती हैं। रीको के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस निवेशकों को यह समझने में मदद करेगा कि राजस्थान में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध विविध प्रकार के प्राकृतिक संसाधनों को ईंधन के रूप में प्राकृतिक गैस का उपयोग करके कैसे अधिक लाभप्रद और मूल्यवर्धित किया जा सकता है।

जीएसपीएल इंडिया गैसनेट लिमिटेड (जीआईजीएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश कार्णिक ने राज्य में जीआईजीएल द्वारा किए गए निवेश से राजस्थान को होने वाले लाभों के बारे में बात की।

गैस मार्केटिंग इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक सुमित किशोर ने बताया कि कैसे यूएस और चीन के बाद भारत प्राइमरी एनर्जी का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है और देश का सबसे बड़ा राज्य होने के नाते, राजस्थान कैसे ऊर्जा क्षेत्र की भारी मांग में योगदान देगा। उन्होंने आगे कहा कि गेल ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के माध्यम से जोड़ते हुए राजस्थान के 900 किलोमीटर के क्षेत्र को कवर किया है। इस अवसर पर फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल के चेयरमैन रणधीर विक्रम सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया, जबकि फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल के सलाहकार अजय सिंघा ने सत्र का संचालन किया।

Chola Enter a better life
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फ़ायनेंस कम्पनी लिमिटेड
कॉरपोरेट कार्यालय : नं. 2, डेयर हाउस, प्रथम तल, एन.एस.सी. बोस रोड़, चेन्नई-600001
5वीं और 6वीं मंजिल, प्लॉट नंबर 306, 308, 309, गोम्स डिफेन्स कॉलोनी, वैशाली नगर, वैशाली सर्कल, स्मार्ट बाजार के ऊपर, जयपुर -302021 सम्पर्क- श्री रोहित चौधरी, मो. 9799999988
ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है कि आम जनता और विशेष रूप से ऋणी / सह-ऋणी / बंधककर्ता (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी रखी गई है, जिसका भौतिक कब्जा चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, इसके इसके बाद चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के रूप में संदर्भित किया गया। सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर की जाएगी। इसके द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट website https://chola-lap.procure247.com/ के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटीकर्ता	मांग सूचना की दिनांक और राशि	अचल सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य	बयाना धन जमा	कुल बकाया राशि	नीलामी का स्थान
ऋण खाता सं. HE01JPH00000010411 1.हीरा लाल पिंगोलिया पुत्र भूरा राम पिंगोलिया, 2.श्रीमती उर्मिला पिंगोलिया, 3.मैसर्स दुल्हा कलेक्शन्स (जरिये प्रोपराईटर उर्मिला पिंगोलिया) सभी निवासी: सी-328, महेश नगर लाल कोठी गांधी नगर, जयपुर, राजस्थान-302015	19-11-2021 रू. 66,68,909/- दिनांक 18-11-2021	संपत्ति के सभी अंश एवं हिस्से जिसमें भूतल का भाग का क्षेत्रफल 1942.5 वर्गफीट और 253.75 वर्गफीट और द्वितीय तल का भाग क्षेत्रफल 1225 वर्गफीट, प्लॉट नं. सी-328 का पश्चिमः दक्षिण भाग स्कीम महेश नगर टोंक फाटक, जयपुर राजस्थान	रू. 60,00,000/-	रू. 6,00,000/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 1,00,000/-	रू. 89,71,471/- दिनांक 08-07-2023 तक + आगे के ब्याज, दण्डात्मक ब्याज, लागत एवं शुल्कों सहित भुगतान की तिथि तक	5वीं और 6वीं मंजिल, प्लॉट नंबर 306, 308, 309, गोम्स डिफेन्स कॉलोनी, वैशाली नगर, वैशाली सर्कल, स्मार्ट बाजार के ऊपर, जयपुर -302021

● नीलामी दिनांकः 25-08-2023, प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे ● बोली जमा कराने की अंतिम दिनांक 24-08-2023, सांय 5:30 बजे तक
● निरीक्षण की दिनांक एवं समयः As per appointment (प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे) (कार्यालय समय में)
1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों / बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट https://chola-lap.procure247.com/ & https://www.cholamandalam.com/auction-notices देखें, ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता संपर्क कर सकते हैं (मुहम्मद रहीस-81240 00030), Ms.Procure247.; श्री अल्पेश बोरिसा से संपर्क करें, सेल नंबर 7046612345/9898056524, ईमेल आईडी alpesh@procure247.com, suraj@tender247.com, parin@tender247.com
2. कृपया नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए एवं ई-नीलामी में भाग लेने के लिए https://chola-lap.procure247.com/ & https://www.cholamandalam.com/auction-notices देखें
इसे प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिवस की बिक्री सूचना भी समझी जावे।
दिनांकः 04.08.2023 स्थान : जयपुर हस्ताक्षर/- प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड